जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर। (सं.

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**
**2015–16/725)**

दिनांक : 31.03.2016

# <u>वरिष्ठ नागरिक एवं महिलाओं को लोअर बर्थ का कोटा 50 प्रतिशत बढाया</u>

## <u>*रेल बजट 2016–17 में माननीय रेलमंत्री ने की थी घोषणा*</u>

रेलवे प्रशासन द्वारा वरिष्ठ नागरिक एवं महिलाओं को आरक्षित श्रेणी में दिये जाने वाले लोअर बर्थ कोटे को 50 प्रतिशत बढाया गया है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार रेलवे द्वारा आरक्षित श्रेणियों शयनयान, थर्ड एसी एवं सैकण्ड एसी श्रेणियों में लोअर बर्थ का आरक्षित कोटा क्रमशः 4, 2 एवं 2 बर्थो को बढाकर क्रमशः 6, 3 एवं 3 बर्थ प्रति कोच कर दिया गया है। यह आरक्षण कोटा वरिष्ठ नागरिकों, 45 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं एवं गर्भवती महिलाओं के लिए दिया गया है।

श्री जैन ने बताया कि जयपुर–दिल्ली सराय–जयपुर डबलडेकर एक्सप्रेस में भी वरष्ठि नागरिकों/महिलाओं के लिए 16 सीटें आरक्षित रखने के रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजा गया है।

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**

**<u>नोटः– उत्तर पश्चिम रेलवे का आप फेसबुक पेज www.facebook.com/northwesternrailway पर भी अवलोकन कर सकते है।</u>**